>

Title: Need to allocate more funds for improving the quality and supply of potable water in Robertsganj Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में पिछड़े अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति की संख्या लगभग 70 प्रतिशत है।

महोदय, मेरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित है और पथरीला क्षेत्र होने के कारण वहां जल स्तर इतना नीचे चला गया है कि पेयजल का संकट बारह महीनों रहता है। वहां जनता हानिकारक रासायनिक युक्त पानी पीने के लिए मजबूर है, जिसके कारण उनमें विकलांगता, ह्रदय रोग और किडनी खराब होने जैसे लक्षण पैदा हो रहे हैं। सर्वेक्षण के आधार पर शहरी विकास मंत्रालय एवं जल संसाधन मंत्रालय ने विशेष पैकेज के तहत रखा है, जो वर्षों से विचाराधीन है, उसमें धनराशि निर्गत नहीं की गयी है, जो जनहित में उचित नहीं है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में, पहाड़ी इलाके में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा पैसे देने का कष्ट करें। धन्यवाद।

सभापति महोदय : श्री राधे मोहन सिंह जी, आपने जो नोटिस दिया है, वह क्लियर नहीं है, इसलिए संक्षेप में बोलिए।